**TITLE: Re: Setting up of Bundelkhand as separate state and developing it as Organic Agro-Economic Zone.**

**कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): धन्यवाद सभापति महोदय । मेरे बुंदेलखंड क्षेत्र में भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा अनेकों परियोजनाएं चलाई गई हैं । हमारे जितने भी आंकाक्षी क्षेत्र हैं, उनमें उस आकांक्षा के अनुरूप सिंचाई की सुविधा, हाइवे आदि सब कुछ हमें मिल रहा है । बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर और बुंदेलखंड में केन-बेतवा रिवर लिकिंग के भारत सरकार ने 90-10 के अनुपात 46 हजार करोड़ रुपये दिए हैं । उत्तर प्रदेश की सरकार ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे बनाने का काम किया है ।**

मैंने एक बात पहले भी सदन में कई बार उठायी है कि बुंदेलखंड को हंड्रेड परसेंट ऑर्गेनिग एग्रो इकोनॉमिक जोन के तौर पर डेवलप किया जाए। उसमें भारत सरकार द्वारा वहां पर ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स के निर्यात की व्यवस्था की जाए। मोदी जी के कारण इस वर्ष को ?मिलेट वर्ष? के रूप में मनाया जा रहा है। भारत सरकार की अनेकों परियोजनाओं से बुंदेलखंड क्षेत्र को लाभ मिल रहा है, सभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से एक विशेष आग्रह है, चूंकि बुंदेलखंड एक विशेष प्रकार की संस्कृति और विशेष प्रकार का क्षेत्र है, इसको केवल जमीन के भू-भाग का एक टुकड़ा न समझा जाए । डिमांड तो अनेक प्रकार की रहती हैं, लेकिन पूरे देश और प्रदेश को साथ मिलाकर वे पूरी नहीं हो पाती हैं।

मेरा भारत सरकार से आग्रह है कि बुंदेलखंड को अलग प्रांत बनाने के लिए पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि जो भारत सरकार की, श्रद्धेय मोदी जी और योगी जी की मंशा है, उस आधार पर पूरे बुदेलखंड में ऑर्गेनिक फॉर्मिंग के लिए, वहां पर रोजगार, पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक क्षेत्र को बढ़ावा मिल सके। बहुत-बहुत धन्यवाद।